भारतीय वैश्विक परिषद

समाचार पत्रक

अंक : 31 | अक्टूबर - दिसम्बर, 2022

भारत के माननीय **उप राष्ट्रपति** तथा भारतीय वैश्विक परिषद के अध्यक्ष **श्री जगदीप धनखड़** ने 18 नवंबर 2022 को परिषद की 21वीं शासी निकाय और 20वीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता की।

विदेश मंत्री तथा भारतीय वैश्विक परिषद के उपाध्यक्ष **डॉ. एस. जयशंकर** एवं विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष तथा परिषद के उपाध्यक्ष **पी पी चौधरी** ने भी इस बैठक में भाग लिया।

भारत-मध्य एशिया राजनयिक संबंधों की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए, आईसीडब्ल्यूए ने 15 दिसंबर 2022 को "भारत-मध्य एशिया संबंधों की गतिकी: पैमाना और दायरा" (Dynamics of India-Central Asia Relations: Scale & Scope) पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) श्री संजय वर्मा ने मुख्य भाषण दिया। भारत में कज़ाखस्तान के राजदूत महामहिम श्री नुरलान झलगास्बायेव, भारत में ताजिकिस्तान के राजदूत महामहिम श्री लुकमोन बोबोकालोनजोडा, किर्गिस्तान के सीडीए महामहिम श्री अज़मत सेदिबालिएव, भारत में उज़्बेकिस्तान के सीडीए महामहिम श्री अज़ीज़ बाराटोव और भारत में तुर्कमेनिस्तान के दूतावास के प्रतिनिधि श्री इस्गेंडर अतालियेव ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

ईरान इस्लामिक गणराज्य के विदेश मामलों के उप मंत्री तथा जेसीपीओए के शीर्ष वार्ताकार महामहिम डॉ. अली बघेरी कानी के साथ एक बैठक का आयोजन 24 नवंबर 2022 को किया गया।

आईसीडब्ल्यूए की महानिदेशक, राजदूत विजय ठाकुर सिंह ने इंडोनेशिया के जकार्ता में 8-9 दिसंबर 2022 को काउंसिल फॉर सिक्यूरिटी कोऑपरेशन इन एशिया पैसिफिक (सीएससीएपी), पर जनरल कांफ्रेंस में एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

विषय-सूची

डॉ. एफ.आर. सिद्दीकी, वरिष्ठ शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए, द्वारा लिखित "चीन और अरब दुनिया: अतीत और वर्तमान" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 03 अक्टूबर 2022 4

"दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में चीन का बीआरआई: सहयोग, विरोधाभास और चिंताएं" (आईसीडब्ल्यूए प्रकाशन) पर "आईसीडब्ल्यूए पुस्तक विमर्श", 07 अक्टूबर 2022 4

भारत में वियतनाम के राजदूत महामहिम श्री गुयेन थान है ने महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए राजदूत विजय ठाकुर सिंह से मुलाकात की, 11 अक्टूबर 2022 5

डॉ. समथा मल्लेम्पति, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "भारत-श्रीलंका संबंधों में सुरक्षा गतिकी: 2009 के बाद" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 11 अक्टूबर 2022 5

नरेश कुमार बीके, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "2008 से नेपाल के साथ चीन की भागीदारी" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 13 अक्टूबर 2022 6

डॉ. प्रज्ञा पांडे, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "चाइना एंड द साऊथ पैसिफिक: अनफोल्डिंग जियोपॉलिटिकल शिफ्ट्स इन द रीजन" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 18 अक्टूबर 2022 6

डॉ अन्वेषा घोष, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "अफगानिस्तान में संकट और तालिबान शासन" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 19 अक्टूबर 2022 7

"नए वैश्विक संदर्भ में अमेरिका, रूस और चीन के साथ आर्थिक संबंध" पर वियतनाम-एशिया पैसिफिक आर्थिक केंद्र के अध्यक्ष प्रो. डॉ. वो दाई लुओक के नेतृत्व वाले वियतनामी प्रतिनिधिमंडल तथा आईसीडब्ल्यूए के बीच संवाद, 20 अक्टूबर 2022 7

"अब्राहम समझौते और पश्चिम एशिया में उभरती राजनीतिक वास्तविकताओं" पर आईसीडब्ल्यूए पैनल विमर्श, 09 नवंबर 2022 8

डॉ. राहुल नाथ चौधरी, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच संभावित एफटीए का आकलन" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 11 नवंबर 2022 9

डॉ. हिमानी पंत, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "रूस-चीन संबंध और एक बदलती विश्व व्यवस्था" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 14 नवंबर 2022 9

डॉ. स्तुति बनर्जी, वरिष्ठ शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए, और डॉ. अर्नब चक्रवर्ती, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "अंडरस्टैंडिंग एसआईसीए: टुवार्ड्स बिल्डिंग अ स्ट्रांगर पार्टनरशिप" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 15 नवंबर 2022 10

8वां आईसीडब्ल्यूए-चाइनीज पीपुल्स इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन अफेयर्स (सीपीआईएफए) संवाद, 16 नवंबर 2022 10

आईसीडब्ल्यूए के शासी निकाय की 21वीं बैठक और आईसीडब्ल्यूए की शासी परिषद की 20वीं बैठक, 18 नवंबर 2022 12

कोरिया गणराज्य की कोरियाई राष्ट्रीय राजनयिक अकादमी के चांसलर, डॉ. होंग ह्युनिक के नेतृत्व में कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ अनौपचारिक विमर्श, 24 नवंबर 2022 13

'एससीओ के संदर्भ में शांति व सुरक्षा को मजबूत करना: इस्लामी गणराज्य ईरान की दृष्टि' पर इस्लामी गणराज्य ईरान के विदेश मंत्रालय के विदेश उप मंत्री व जेसीपीओए (JCPOA) के शीर्ष वार्ताकार महामहिम डॉ. अली बघेरी कानी के साथ बंद कमरे में व्यक्तिगत रूप से संवाद, 24 नवंबर 2022 13

एशिया में सहभागिता और विश्वास निर्माण उपायों (सीआईसीए) पर थिंकटैंक फोरम में 10वां सम्मेलन "अशांति और परिवर्तन की अवधि में एशिया में सतत सुरक्षा: चुनौतियां और दृष्टि", 30 नवंबर 2022 14

सुश्री गुल्डेन कास्करबायेवा, पीएचडी उम्मीदवार, अंतर्राष्ट्रीय संबंध संकाय, एल.एन. गुमिल्योव यूरेशियन नेशनल यूनिवर्सिटी, अस्ताना, कज़ाखस्तान, आईसीडब्ल्यूए के प्रथम एससीओ रेजिडेंट स्कॉलर (SCO Resident Scholar), 01 दिसंबर 2022 15

एशिया पैसिफिक में सुरक्षा सहयोग परिषद (सीएससीएपी) की जनरल कांफ्रेंस, जकार्ता, इंडोनेशिया, 08-09 दिसंबर 2022 16

इंस्टिट्यूट फॉर स्ट्रेटेजी एंड पालिसी (आईएसपी), म्यांमार के संस्थापक सदस्य और कार्यकारी निदेशक, यू मिन ज़िन द्वारा "म्यांमार में विकास और क्षेत्रीय प्रतिक्रिया" पर संवाद, 13 दिसंबर 2022 17

भारत-मध्य एशिया राजनयिक संबंधों की 30वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में "भारत-मध्य एशिया संबंधों की गतिकी: पैमाना और दायरा" पर भारत-मध्य एशिया अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 15 दिसंबर 2022 17

डॉ. सुदीप कुमार, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "जापान-चीन विदेश-सुरक्षा संबंध" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 19 दिसंबर 2022 21

आईसीडब्ल्यूए और इंस्टीट्यूट फॉर फॉरेन पॉलिसी एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज, वियतनाम की डिप्लोमैटिक एकेडमी के बीच संवाद, 20 दिसंबर 2022 21

आउटरीच कार्यक्रम 22

प्रकाशन 24

इंडिया क्वार्टरली - संपादकीय 27

डॉ. एफ.आर. सिद्दीकी, वरिष्ठ शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "चीन और अरब दुनिया: अतीत और वर्तमान" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 3 अक्टूबर 2022

आईसीडब्ल्यूए ने 03 अक्टूबर 2022 को डॉ. फज्जुर रहमान सिद्दीकी, वरिष्ठ शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए, द्वारा लिखित 'चीन और अरब दुनिया' पर सप्रू हाउस पेपर विमर्श का आयोजन किया। इस विमर्श की अध्यक्षता ईरान में भारत के पूर्व राजदूत डी.पी. श्रीवास्तव ने की। एक अंतर्राष्ट्रीय स्वतंत्र पत्रकार डॉ. वायल अव्वाद, और आईडीएसए के रिसर्च फेलो डॉ. पी.के. प्रधान, चर्चाकर्ता थे। यह पत्र ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में चीन-अरब संबंधों की मुख्य रूपरेखाओं की पहचान करता है और यह पता लगाता है कि कैसे संबंधों के विभिन्न चरणों में अलग-अलग प्राथमिकताएं देखी गई हैं।

"दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में चीन का बीआरआई: सहयोग, विरोधाभास और चिंताएं" पुस्तक (आईसीडब्ल्यूए प्रकाशन) पर विमर्श, 07 अक्टूबर 2022

आईसीडब्ल्यूए ने 7 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली के सप्रू हाउस में डॉ. संजीव कुमार, वरिष्ठ शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा संपादित "दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में चीन का बीआरआई: सहयोग, विरोधाभास और चिंताएं" (आईसीडब्ल्यूए प्रकाशन) पर एक पुस्तक चर्चा का आयोजन किया। उद्घाटन भाषण महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए राजदूत विजय ठाकुर सिंह द्वारा दिया गया। पुस्तक चर्चा की अध्यक्षता चीन में भारत के पूर्व राजदूत और विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन, नई दिल्ली के प्रतिष्ठित फेलो राजदूत अशोक कांथा ने की जबकि समकालीन चीन अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एस.एल. नरसिम्हन तथा जेएनयू, नई दिल्ली के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के डीन प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली और ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत, हरियाणा स्थित जिंदल स्कूल ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स के डीन प्रो. श्रीराम चौलिया पैनलिस्ट के रूप में मौजूद रहे।

अपनी उद्घाटन टिप्पणी में, आईसीडब्ल्यूए की महानिदेशक राजदूत विजय ठाकुर सिंह ने कहा कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव्स (बीआरआई) परियोजनाओं का विश्लेषण चीन को समझने में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है- इसका व्यवहार, विस्तार और चीनी राज्य का कामकाज। अध्यक्ष, राजदूत अशोक कांथा ने रेखांकित किया कि यह वॉल्यूम प्रासंगिक इनपुट को एक साथ रखकर विभिन्न क्षेत्रीय

दृष्टिकोण प्रदान करता है और साथ ही बीआरआई की प्रकृति, इसके विरोधाभासों, चुनौतियों और पहल के संभावित प्रक्षेप पथ का अवलोकन प्रदान करता है। इस वॉल्यूम के संपादक डॉ. संजीव कुमार ने पुस्तक की संरचना को चित्रित करते हुए पुस्तक में प्रयुक्त तीन प्रमुख शब्दों- सहयोग, विरोधाभास और चिंताओं, का वर्णन किया।

बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) पर एक व्यापक प्रकाशन लाने के लिए आईसीडब्ल्यूए की सराहना करते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल एस.एल. नरसिम्हन ने उल्लेख किया कि पुस्तक पूरी दुनिया में चीनी वित्त पोषित भूमि-आधारित परियोजनाओं का एक बहुत अच्छा अवलोकन देती है। प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली ने आईसीडब्ल्यूए के योगदान की सराहना की और पुस्तक के महत्व पर प्रकाश डाला क्योंकि यह बीआरआई के बारे में चीनी आख्यान को चुनौती देती है। प्रो श्रीराम चौलिया ने कहा कि पुस्तक चीनी परियोजनाओं का वैश्विक सर्वेक्षण प्रदान करती है। यह एक भव्य वैश्विक मंच पर आर्थिक शासन कला का उपयोग करते हुए एक महान शक्ति के कामकाज की रुपरेखा भी प्रस्तुत करता है। भारतीय दृष्टिकोण को व्यक्त करने के लिए और अधिक महत्वपूर्ण निर्णयों की आवश्यकता है।

भारत में वियतनाम के राजदूत महामहिम गुयेन थान है ने महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए, राजदूत विजय ठाकुर सिंह से मुलाकात की, 11 अक्टूबर 2022

भारत में वियतनाम के राजदूत महामहिम गुयेन थान है ने आईसीडब्ल्यूए और वियतनाम में समकक्ष संस्थानों के बीच वर्तमान और भविष्य के सहयोग पर चर्चा करने के लिए आईसीडब्ल्यूए की महानिदेशक विजय ठाकुर सिंह से मुलाकात की। बैठक के दौरान आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

डॉ. समता मल्लेम्पति, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "भारत-श्रीलंका संबंधों में सुरक्षा गतिकी: 2009 के बाद" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 11 अक्टूबर 2022

डॉ. समता मल्लेम्पति, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "भारत-श्रीलंका संबंधों में सुरक्षा गतिकी: 2009 के बाद" पर एक सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 11 अक्टूबर 2022 को आयोजित किया गया था। इसकी अध्यक्षता राजदूत अशोक कांथा द्वारा की गई थी जो श्रीलंका में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त और विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन, नई दिल्ली के प्रतिष्ठित फेलो रहे हैं। डॉ. मयिलवागनन एम, एसोसिएट प्रोफेसर, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज और मलिंडा मीगोडा, रिसर्च एसोसिएट,

लक्ष्मण कादिरगमर इंस्टीट्यूट (एलकेआइ) इसके चर्चाकर्ता थे। पेपर ने तर्क दिया कि, 2009 के बाद से, भारत-श्रीलंका संबंधों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं और इसलिए, यह उन घरेलू और बाहरी कारकों पर ध्यान देता है जो युद्ध के बाद के वर्षों में भारत और श्रीलंका के बीच सुरक्षा की गतिकी को प्रभावित कर रहे हैं जैसे कि जातीय मुद्दा, सुलह, मछुआरों का मुद्दा, हिंद महासागर की शांति और सुरक्षा के प्रति दृष्टिकोण और बाहरी खिलाड़ियों की भूमिका।

नरेश कुमार बीके, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "2008 के बाद से नेपाल के साथ चीन की भागीदारी" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 13 अक्टूबर 2022



13 अक्टूबर 2022 को आईसीडब्ल्यूए के शोध अध्येता, नरेश कुमार बी.के. द्वारा लिखित "2008 के बाद से नेपाल के साथ चीन की भागीदारी" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श का आयोजन किया गया था। चर्चा की अध्यक्षता नेपाल में भारत के पूर्व राजदूत मंजीव सिंह पुरी ने की। प्रो. संजय भारद्वाज, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय और प्रो. शिव बहादुर सिंह, डीएवी पीजी कॉलेज, बीएचयू, वाराणसी इसके चर्चाकर्ता थे। यह नेपाल में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में ऊर्जा, संपर्क, व्यापार, सामाजिक-सांस्कृतिक जुड़ाव और बीआरआई के तहत सहयोग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में चीन के बढ़ते रणनीतिक प्रोफ़ाइल का आकलन करता है।

डॉ. प्रज्ञा पांडे, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "चाइना एंड द साऊथ पैसिफिक: अनफोल्डिंग जियोपॉलिटिकल शिफ्ट्स इन द रीजन" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 18 अक्टूबर 2022

डॉ. प्रज्ञा पांडे, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "चाइना एंड द साऊथ पैसिफिक: अनफोल्डिंग जियोपॉलिटिकल शिफ्ट्स इन द रीजन" पर एक सप्रू हाउस पेपर विमर्श का आयोजन 18 अक्टूबर 2022 को आईसीडब्ल्यूए द्वारा किया गया था। इस चर्चा की अध्यक्षता प्रोफेसर संजय चतुर्वेदी ने की, जो दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के सामाजिक विज्ञान संकाय, अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग के प्रोफेसर और डीन हैं। वरिष्ठ अध्येता, नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन, नई दिल्ली के कैप्टन

सरबजीत सिंह परमार, और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर और कार्यवाहक निदेशक, ग्रिफिथ एशिया इंस्टीट्यूट, ब्रिस्बेन के प्रोफेसर इयान हॉल इसके चर्चाकर्ता थे। पेपर का प्राथमिक उद्देश्य चीन की बढ़ती कूटनीतिक और रणनीतिक उपस्थिति के आलोक में दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक बदलावों का मूल्यांकन करना है। इसका उद्देश्य प्रशांत द्वीप देशों (पीआईसी) के साथ जुड़ाव में प्रमुख खिलाड़ियों के दृष्टिकोण का विश्लेषण करना है।

डॉ अन्वेषा घोष, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "अफगानिस्तान में संकट और तालिबान शासन" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 19 अक्टूबर 2022

डॉ अन्वेषा घोष, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "अफगानिस्तान में संकट और तालिबान शासन" पर सप्रू हाउस पेपर विमर्श का आयोजन आईसीडब्ल्यूए द्वारा 19 अक्टूबर 2022 को किया गया था। इस चर्चा की अध्यक्षता प्रोफेसर और जीन मोनेट चेयर, सेंटर फॉर यूरोपियन स्टडीज, जवाहर लाल नेहरु यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गुलशन सचदेवा ने की थी। डॉ. विशाल चंद्र, रिसर्च फेलो, एमपी-आईडीएसए और प्रो. धनंजय त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर, दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय चर्चाकर्ता थे। यह पेपर उन प्रमुख राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा करता है जिसके कारण अगस्त 2021 में अफ़ग़ान गणराज्य का पतन हुआ और इस संदर्भ में, यह अफ़ग़ानिस्तान में पहले के शासन परिवर्तनों को भी देखता है और वर्तमान में अफ़ग़ानिस्तान पर शासन करने वाले तालिबान शासन की बात कर समापन की ओर बढ़ता है।

"नए वैश्विक संदर्भ में अमेरिका, रूस और चीन के साथ आर्थिक संबंध" पर वियतनाम-एशिया पैसिफिक इकोनॉमिक सेंटर के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ वो दाई लुओक के नेतृत्व में वियतनामी प्रतिनिधिमंडल तथा आईसीडब्ल्यूए के बीच संवाद, 20 अक्टूबर 2022

वियतनाम-एशिया पैसिफिक इकोनॉमिक सेंटर के अध्यक्ष प्रो. डॉ. वो दाई लुओक के नेतृत्व में वियतनाम के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने 20 अक्टूबर 2022 को "नए वैश्विक संदर्भ में अमेरिका, रूस और चीन के साथ आर्थिक संबंध" पर आईसीडब्ल्यूए के शोध संकाय के साथ बातचीत के लिए आईसीडब्ल्यूए का दौरा किया। वियतनामी प्रतिनिधिमंडल में आर्थिक सहयोग विकास के लिए वियतनाम-आसियान एसोसिएशन के एसोसिएट प्रो बुई टाट थांग, वियतनाम

इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स के वाइस जनरल डायरेक्टर डॉ. फाम अन्ह तुआन, इंस्टीट्यूट ऑफ वर्ल्ड इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिक्स के एमए वो है मिन्ह, और वियतनाम-एशिया प्रशांत आर्थिक केंद्र के एमए ट्रान कैम ट्रांग शामिल थे। आईसीडब्ल्यूए के अनुसंधान संकाय में डॉ. निवेदिता रे, निदेशक (अनुसंधान), डॉ. संजीव कुमार, सीनियर रिसर्च फेलो, डॉ. स्तुति बनर्जी, सीनियर रिसर्च फेलो, डॉ. हिमानी पंत, रिसर्च फेलो, डॉ. तेशु सिंह, रिसर्च फेलो, और डॉ. तेमजेनमेरेन एओ, रिसर्च फेलो शामिल थे।

बातचीत यूक्रेनी संघर्ष के साथ-साथ चल रहे भू-राजनीतिक बदलावों पर केंद्रित थी। ऐसे समय में जब दुनिया अभी भी कोविड-19 महामारी से उबर ही रही थी, चर्चा में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि कैसे यह स्थिति उच्च मुद्रास्फीति, ऊर्जा संकट और कुछ देशों को वैश्विक मंदी की ओर ले जाने की संभावनाओं को जन्म दे रही है। चर्चा में उन क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया जहां भारत और वियतनाम के बीच अधिक सहयोग और सहभागिता हो सकती है जिसमें आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा, विशेष रूप से पवन, फार्मा, अनुसंधान एवं विकास, पर्यटन और कृषि शामिल हैं। चल रहे भू-राजनीतिक बदलाव भारत और वियतनाम दोनों के लिए महान शक्तियों के साथ उनके संबंधों के संदर्भ में चुनौतियां पेश करते हैं, लेकिन साथ ही द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और त्रिपक्षीय सहयोग की खोज के मामले में अवसर भी प्रदान करते हैं।

"अब्राहम समझौते और पश्चिम एशिया में उभरती राजनीतिक वास्तविकताएं" पर आईसीडब्ल्यूए पैनल विमर्श, 09 नवंबर 2022

आईसीडब्ल्यूए ने 09 नवंबर 2022 को सप्रू हाउस, नई दिल्ली में अब्राहम समझौते और पश्चिम एशिया में उभरती राजनीतिक वास्तविकताओं पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया। चर्चा की अध्यक्षता जॉर्डन, लीबिया और माल्टा के पूर्व राजदूत राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने की। उन्होंने टिप्पणी की कि अब्राहम समझौते एक सकारात्मक कदम हैं और उन्हें अमेरिका द्वारा इजरायल को अरब देशों के दायरे में लाने के लिए शुरू किया गया था और यह प्रयास काफी हद तक सफल रहा है। इस समझौते से संयुक्त अरब अमीरात और इज़राइल को प्रमुख रूप से लाभ हुआ है; द्विपक्षीय व्यापार 900 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया और दोनों देशों ने जून 2022 में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। मोरक्को और सूडान ने सितंबर 2020 में समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद से द्विपक्षीय संबंधों की वांछित गति को बनाए रखा है। I2U2 और लेबनान-इज़राइल समुद्री सौदा अब्राहम समझौते के सकारात्मक पहल के परिणाम हैं। पश्चिम एशिया एक बड़े मंथन के दौर से गुजर रहा है और इस क्षेत्र के साथ भारत के संबंध लेन-देन से बढ़ते हुए सही मायने में रणनीतिक रूप तक विकसित हुए हैं।

जेएनयू के पूर्व रेक्टर प्रोफेसर चिंतामणि महापात्रा ने पाया कि कैंप डेविड समझौते (1978) और ओस्लो शांति समझौते (1993) सहित अरब-इज़राइल शांति प्रक्रियाओं के पहले के प्रयासों के विपरीत अब्राहम समझौते सफल रहे हैं। हस्ताक्षरकर्ता देशों के बीच संयुक्त नौसैनिक अभ्यास के संचालन और हथियारों के सौदे पर हस्ताक्षर के द्वारा अब्राहम समझौते की सफलता स्पष्ट दिखती है। सेंटर फॉर वेस्ट एशियन स्टडीज, जेएनयू के प्रोफेसर बंशीधर प्रधान ने कहा कि अब्राहम समझौते ने इजरायल-फिलीस्तीन संघर्ष के इतिहास में एक नए चरण को चिह्नित किया। वे इसमें शामिल अभिनेताओं की धारणाओं और रुचियों के सम्मिलन का परिणाम हैं। अब्राहम समझौते में फिलीस्तीन के मुद्दे का उल्लेख नहीं किया गया है, जिसे संबोधित करने की आवश्यकता है। वरिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय स्वतंत्र पत्रकार डॉ. वायल अव्वाद ने कहा कि अब्राहम समझौते का उद्देश्य पश्चिम एशियाई क्षेत्र में इज़राइल को समायोजित करना था और यह एक हद तक सफल भी हुआ है। इजरायल और फिलीस्तीन के सह-अस्तित्व के सिद्धांत का महत्व कम नहीं होना चाहिए।

चर्चा में, प्रतिभागियों ने पाया कि अब्राहम समझौते की सफलता का मूल्यांकन करने में लोगों की धारणा एक महत्वपूर्ण विचार है। यदि

राजनीति परिणाम देने में विफल रहती है, तो आर्थिक विकास और साझेदारी को नवीन सोच के माध्यम से एक मौका दिया जाना चाहिए। अब्राहम समझौते की सफलता और फ़िलीस्तीनियों के अधिकारों को एक साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। अब्राहम समझौते को काम करने देना सभी के हित में है। ईरान को भी जगह देने की जरूरत है; एक कोशिश की जानी चाहिए। अरब नेताओं को घरेलू स्तर पर ताकत देना जरूरी है; केवल मजबूत नेता ही शांति स्थापित कर सकते हैं। भारत ने अब्राहम समझौते का स्वागत किया जो इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता लाता है। भारत इजरायल के साथ-साथ अरब दुनिया और ईरान के साथ घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंधों के साथ एक अनूठी स्थिति में है।

डॉ राहुल नाथ चौधरी, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच संभावित एफटीए का आकलन" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 11 नवंबर 2022

डॉ. राहुल नाथ चौधरी, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच संभावित एफटीए का आकलन" पर सप्रू हाउस पेपर चर्चा 11 नवंबर 22 को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता क्रॉफोर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी, द ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र के एमेरिटस प्रोफेसर डॉ. प्रेमा-चंद्र अथुकोरला ने की। बिजनेस इकोनॉमिक्स विभाग, एमएस यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा, वड़ोदरा, गुजरात के आरबीआई चेयर प्रोफेसर डॉ. डी. एन. नायक और मानविकी सामाजिक विज्ञान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनंदन घोष चर्चाकर्ता थे।

डॉ हिमानी पंत, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "रूस-चीन संबंध और एक बदलती विश्व व्यवस्था" पर सप्रू हाउस पेपर (एसएचपी) विमर्श, 14 नवंबर 2022

डॉ. हिमानी पंत, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "रूस-चीन संबंध और एक बदलती विश्व व्यवस्था" पर सप्रू हाउस पेपर विमर्श 14 नवंबर 2022 को आयोजित की गई थी। चर्चा की अध्यक्षता रूस में भारत के पूर्व राजदूत राजदूत वेंकटेश वर्मा द्वारा की गई थी। स्कूल ऑफ कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के प्रोफेसर और डीन प्रो. सुबा चंद्रन, और सीनियर फेलो, गेटवे हाउस श्री अमित भंडारी चर्चाकर्ता थे। यह पेपर रूस-चीन संबंधों में हाल के रुझानों की जांच करता है जिसमें चीन के प्रति रूस की विकसित होती नीति पर जोर दिया गया है। यह 1990 के दशक से रूस-चीन संबंधों के विकास का पता लगाता है और प्रतिस्पर्धा व सहयोग के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालता है।

डॉ. स्तुति बनर्जी, वरिष्ठ शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए और डॉ. अर्नब चक्रवर्ती, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "अंडरस्टैंडिंग एसआईसीए: टुवर्ड्स बिल्डिंग ए स्ट्रॉन्ग पार्टनरशिप" पर सप्रू हाउस पेपर (SHP) विमर्श, 15 नवंबर 2022

15 नवंबर 2022 को डॉ. स्तुति बनर्जी, वरिष्ठ शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए और डॉ. अर्नब चक्रवर्ती, शोध अध्येता, आईसीडब्ल्यूए द्वारा लिखित "अंडरस्टैंडिंग एसआईसीए: टूवर्ड्स बिल्डिंग ए स्ट्रॉन्ग पार्टनरशिप" पर आईसीडब्ल्यूए द्वारा एक सप्रू हाउस पेपर विमर्श का आयोजन किया गया था। इसकी अध्यक्षता ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (JGU), सोनीपत के जिंदल स्कूल ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स (JSIA) के प्रोफेसर और डीन डॉ. श्रीराम चौलिया द्वारा की गई थी। अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग, गोवा विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. अपराजिता गंगोपाध्याय और कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका व लैटिन अमेरिकी अध्ययन केंद्र, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन स्कूल, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली, की सहायक प्रोफेसर डॉ. अपराजिता कश्यप चर्चाकर्ता थीं। पेपर ने इस कथन की पड़ताल की कि जैसे-जैसे भारत इस क्षेत्र में पारंपरिक लैटिन अमेरिकी भागीदारों से परे अपना ध्यान केंद्रित करना शुरू करता है, मध्य अमेरिकी राज्यों की आर्थिक और रणनीतिक क्षमता भारतीय नीति निर्माताओं के बीच प्रमुखता प्राप्त कर रही है।

8वां आईसीडब्ल्यूए-चाइनीज पीपुल्स इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन अफेयर्स (सीपीआईएफए) संवाद, 16 नवंबर 2022

8वां आईसीडब्ल्यूए-चाइनीज पीपुल्स इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन अफेयर्स (सीपीआईएफए) संवाद 16 नवंबर 2022 को वर्चुअल प्रारूप में आयोजित किया गया था। दोनों संस्थाएं 2005 से समझौता ज्ञापन भागीदार हैं। दोनों पक्षों के लगभग 25 प्रतिनिधियों ने संवाद में भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में महानिदेशक, आईसीडब्ल्यूए और आईसीडब्ल्यूए प्रतिनिधिमंडल प्रमुख राजदूत विजय ठाकुर सिंह; तथा उपाध्यक्ष, सीपीआईएफए और सीपीआईएफए प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख राजदूत ली जी ने अपनी बात रखी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में राजदूत नलिन सूरी, प्रतिष्ठित फेलो, दिल्ली पॉलिसी ग्रुप (डीपीजी), नई दिल्ली, चीन में पूर्व राजदूत व ब्रिटेन में पूर्व उच्चायुक्त; राजदूत अशोक के. कांथा, प्रतिष्ठित फेलो, विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन, नई दिल्ली, चीन में पूर्व राजदूत और श्रीलंका में पूर्व उच्चायुक्त; राजदूत टी.एस. तिरुमूर्ति, संयुक्त राष्ट्र में भारत के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि; राजदूत गौतम बंबावाले, प्रतिष्ठित प्रोफेसर, सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे, चीन और भूटान के पूर्व राजदूत, पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त; श्री जयदेव रानाडे, अध्यक्ष, सेंटर फॉर चाइना एनालिसिस एंड स्ट्रैटेजी; प्रो. मधु भल्ला, संपादक, इंडिया क्वार्टरली; प्रो. श्रीकांत कोंडापल्ली, डीन, स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, जेएनयू, नई दिल्ली; कोमोडोर गोपाल सूरी, सीनियर रिसर्च फेलो, सेंटर फॉर कंटेम्पररी चाइना स्टडीज, नई दिल्ली; डॉ. संजीव कुमार, सीनियर रिसर्च फेलो, आईसीडब्ल्यूए और डॉ. तेशु सिंह, रिसर्च फेलो, आईसीडब्ल्यूए शामिल थे।

चीनी प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे- भारत, सिंगापुर और ब्रुनेई में पूर्व राजदूत राजदूत वेई वेई; चाइना इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के उपाध्यक्ष श्री लियू किंग; दक्षिण एशिया अध्ययन संस्थान, चीन समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंध संस्थान (CICIR) के निदेशक डॉ. हू शिशेंग; चीनी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक सहयोग अकादमी, वाणिज्य मंत्रालय (MOFCOM) के क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग केंद्र के महानिदेशक डॉ. झांग जियानपिंग; डॉ. वांग जू, कार्यकारी उप निदेशक, दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र, पेकिंग विश्वविद्यालय; प्रो. लिन मिनवांग, उप निदेशक, दक्षिण एशियाई अध्ययन केंद्र, फुदान विश्वविद्यालय; प्रो. मा शियाओलिन, वरिष्ठ प्रोफेसर और निदेशक, इंस्टिट्यूट फॉर स्टडीज ऑन मेडिटेरेनियन रिम (ISMR), झेजियांग इंटरनेशनल स्टडीज यूनिवर्सिटी (ZISU); श्री ये हैलिन, उप प्रमुख, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्ट्रैटेजी (NIIS), चाइनीज एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज (CASS); डॉ. लियू जोंग्यी, चीन के महासचिव और दक्षिण एशिया सहयोग अनुसंधान केंद्र, शंघाई इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल स्टडीज (SIIS); और डॉ. वू होंगयिंग, निदेशक, ब्रिक्स और G20 अध्ययन केंद्र, CICIR।

दोनों देशों के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों से संबंधित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। संवाद का पहला सत्र "वैश्विक और क्षेत्रीय विकास: भारत और चीन के विचार" पर केंद्रित था। संवाद के

दूसरे सत्र में "पारस्परिक लाभ के लिए भारत और चीन के बीच सहयोग: आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान" पर चर्चा हुई। संवाद के तीसरे सत्र में "सुधारित बहुपक्षवाद और वास्तविक बहुपक्षवाद: समानताएं और विरोधाभास" पर विचार-विमर्श किया गया।

आईसीडब्ल्यूए की शासी निकाय की 21वीं बैठक और आईसीडब्ल्यूए की 20वीं शासी परिषद की बैठक, 18 नवंबर 2022

कोरिया गणराज्य की कोरियाई राष्ट्रीय राजनयिक अकादमी के चांसलर, डॉ. होंग ह्युनिक के नेतृत्व में कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ अनौपचारिक विमर्श, 24 नवंबर 2022

कोरिया गणराज्य की कोरियाई राष्ट्रीय राजनयिक अकादमी (KNDA) के चांसलर डॉ. होंग ह्युनिक के नेतृत्व में 3 सदस्यीय कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने 24 नवंबर 2022 को सप्रू हाउस में आईसीडब्ल्यूए की महानिदेशक और आईसीडब्ल्यूए की रिसर्च फैकल्टी राजदूत विजय ठाकुर सिंह के साथ बातचीत की। केएनडीए (KNDA) के चांसलर डॉ. होंग ह्युनिक, डॉ. चो वोंगी और डॉ. चो वोंड्यूक कोरियाई प्रतिनिधिमंडल के सदस्य थे। दोनों पक्षों ने भारत-दक्षिण कोरिया द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की और इंडो-पैसिफिक पर विचारों का आदान-प्रदान किया।



'एससीओ के संदर्भ में शांति व सुरक्षा को मजबूत करना: इस्लामी गणराज्य ईरान की दृष्टि' पर इस्लामी गणराज्य ईरान के विदेश मंत्रालय के उप मंत्री व जेसीपीओए (JCPOA) के शीर्ष वार्ताकार महामहिम डॉ. अली बघेरी कानी के साथ संवाद, 24 नवंबर 2022

24 नवंबर 2022 को उप विदेश मंत्री, ईरान व जेसीपीओए के शीर्ष वार्ताकार महामहिम डॉ. बघेरी कानी, जिन्होंने 'एससीओ के संदर्भ में शांति और सुरक्षा को मजबूत करना' विषय पर बात की थी, के साथ सप्रू हाउस में एक बंद कमरे में बातचीत हुई। वार्ता की अध्यक्षता आईसीडब्ल्यूए की महानिदेशक राजदूत विजय ठाकुर सिंह ने की। बातचीत में ईरान में भारत के पूर्व राजदूतों और अन्य विद्वानों ने भाग लिया।

चर्चा एक सदस्य देश के रूप में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में ईरान के प्रवेश पर केंद्रित थी। इस बात पर जोर दिया गया कि ईरान एससीओ में शामिल हो गया है क्योंकि बहुपक्षवाद महत्वपूर्ण है और एससीओ बहुराष्ट्रीय क्षेत्र में एक नया पैटर्न बनाने के उपकरणों में से एक है। (ईरान ने बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स में शामिल होने के लिए भी आवेदन किया है।) एससीओ में, ईरान का फोकस मध्य एशिया में क्षमता निर्माण पर होगा ताकि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ाया जा सके। यह क्षेत्र में पारंपरिक के साथ-साथ गैर-पारंपरिक

सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा। भारत एससीओ में ईरान के प्रवेश का स्वागत करता है और उम्मीद करता है कि इस विकास के साथ क्षेत्र में कनेक्टिविटी परियोजनाओं को आवश्यक गति और तेज़ी मिलेगी। एससीओ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का भारत और क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्व है और विशेष रूप से अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि में इस संबंध में एससीओ सदस्यों की ओर से एक समन्वित प्रयास होना चाहिए।

एशिया में सहभागिता और विश्वास निर्माण उपायों (सीआईसीए) पर थिंकटैंक फोरम में 10वां सम्मेलन "अशांति और परिवर्तन के समय में एशिया में सतत सुरक्षा: चुनौतियां और दृष्टि", 30 नवंबर 2022

एशिया थिंक टैंक फोरम में सहभागिता और विश्वास निर्माण उपायों पर 10वां सम्मेलन (CICA) 30 नवंबर से 1 दिसंबर 2022 तक आयोजित किया गया था। फोरम का विषय था "अशांति और परिवर्तन की अवधि में एशिया में सतत सुरक्षा: चुनौतियां और दृष्टि"। फोरम के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में शंघाई इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल स्टडीज (SIIS), शंघाई, चीन ने हाइब्रिड मोड में इस कार्यक्रम की मेजबानी की। भारत से प्रतिभागी फोरम में ऑनलाइन शामिल हुए। उद्घाटन और समापन सत्रों के अलावा, फोरम में एशिया में सतत सुरक्षा के लिए क्षमता निर्माण पर तीन शैक्षणिक सत्र शामिल थे: खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा, एशिया में सतत सुरक्षा के लिए क्षमता निर्माण: परिवर्तन और कनेक्टिविटी, तथा सीआईसीए के 30 साल: उपलब्धियां, चुनौतियां और संभावनाएं।

तीन आईसीडब्ल्यूए विशेषज्ञों ने तीनों सत्रों में भाग लिया। श्री सिराज हुसैन, पूर्व कृषि सचिव, भारत सरकार और प्रवर्तक निदेशक, आर्कस पॉलिसी रिसर्च (एपीआर), ने सत्र I में "एशिया की खाद्य सुरक्षा की चुनौतियां" पर बात की। डॉ. अरुणाभ घोष, संस्थापक-सीईओ, ऊर्जा,पर्यावरण और जल परिषद (CEEW), नई दिल्ली, ने सत्र II में "एशिया में सतत सुरक्षा के लिए क्षमता निर्माण: हरित परिवर्तन और कनेक्टिविटी" पर बात की। आईसीडब्ल्यूए के सीनियर रिसर्च फेलो डॉ. अतहर जफर ने "सीआईसीए के परिवर्तन: संभावनाओं और चुनौतियों पर एक परिप्रेक्ष्य" पर अपनी प्रस्तुति दी।

प्रतिभागियों ने विशेष रूप से एशिया में खाद्य सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय परिवहन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर चर्चा की। बढ़ती वैश्विक जनसंख्या, भू-राजनीतिक मुद्दों और कोविड-19 के प्रभाव के कारण खाद्य सुरक्षा ने एक महत्वपूर्ण आयाम हासिल कर लिया है। विभिन्न क्षेत्रों में सीआईसीए सदस्यों के बीच सहयोग, ज्ञान और अनुभव साझा करने का सुझाव दिया गया, विशेष रूप से सतत विकास के लिए। वक्ताओं ने यह भी उल्लेख किया कि सीआईसीए थिंक टैंक फोरम एशिया के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा और सहयोग करने के लिए एक प्रमुख मंच बन गया है।

सुश्री गुल्डेन कास्करबायेवा, पीएचडी उम्मीदवार, अंतर्राष्ट्रीय संबंध संकाय, एल.एन. गुमिल्योव यूरेशियन नेशनल यूनिवर्सिटी, अस्ताना, कजाकिस्तान, आईसीडब्ल्यूए के प्रथम एससीओ रेजिडेंट स्कॉलर (SCO Resident Scholar), 01 दिसंबर 2022

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) (2022-2023) की भारत की अध्यक्षता के वर्ष में, आईसीडब्ल्यूए दिसंबर 2022 से जून 2023 तक विदेश मंत्रालय के सहयोग से एससीओ रेजिडेंट शोधकर्ता कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। सात महीनों में, प्रत्येक एससीओ सदस्य देश (रूसी वर्णमाला क्रम से एससीओ अभ्यास के बाद: कज़ाखस्तान-दिसंबर '2022, चीन-जनवरी 2023, किर्गिस्तान-फरवरी 2023, पाकिस्तान-मार्च 2023, रूस-अप्रैल 2023, ताजिकिस्तान-मई 2023 और उज्बेकिस्तान-जून 2023) से एक नामित युवा शोधकर्ता एक महीने की अवधि के लिए आईसीडब्ल्यूए के साथ रहेंगे। कार्यक्रम में एससीओ स्कॉलर की बैंगलोर, चेन्नई और पांडिचेरी की यात्रा का एक सप्ताह का मॉड्यूल शामिल है, जिसे आईसीडब्ल्यूए द्वारा अपने एमओयू पार्टनर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (एनआईएएस), बैंगलोर के सहयोग से समन्वित किया जा रहा है।

